**चोरी के नोट निकले नकली, खपाने की फिराक में पकड़े गए नाबालिग**

छत्तीसगढ़ के कांकेर में पुलिस ने दो नाबालिग लड़कों को नकली नोटों के साथ पकड़ा है. कांकेर घड़ी चौक के पास से इन्हें गिरफ्तार किया है. इनके पास से 100 रुपये के 53 नोट मिले. पुलिस पूछताछ में दोनों ने बताया कि वे संजय नगर के एक मकान में चोरी करने घुसे थे. वहां एक बैग में ये नोट रखे हुए थे. वे चोरी के ये नकली नोट शहर में खपाने के लिए घूम रहे थे. कांकेर एडिशनल एसपी आकाश श्रीश्रीमाली ने कहा कि दोनों आरोपी नाबालिग हैं. उन्होंने पुलिस पूछताछ में जो कुछ बताया, उसके आधार पर अब पुलिस यह पता लगाने की कोशिश कर रही है कि उस सुनसान मकान में ये नकली नोट कहां से आए थे.

Source: https://hindi.news18.com/videos/munger/unique-campaign-for-bihar-chunav-independent-candidate-with-cycle-9779991.html